# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

## निविदा सूचना (उत्तर–पुस्तिका मुद्रण) 2021–22

विश्वविद्यालय की परीक्षाओं हेतु **उत्तर पुस्तिकाओं के मुद्रण कार्य** हेतु **दिनांक–05–02–2021 से 22–02–2021 के दोपहर 2:00 बजे तक** निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संम्बन्धित विवरण एवं शर्ते/निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईड www.kunainital.ac.in से डाउनलोड किये/देखे जा सकते हैं।

कुलसचिव

पृ0सं0– स्टोर/सा0पीईआर/388/RO /उ0पु0मु0/ 2021 दिनांक– 04–02–2021

प्रतिलिपि– निम्नलिखित समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र के राष्ट्रीय संस्करण में (4 सेमी0×6 सेमी0) के स्थान में प्रकाशित करवाकर बिल 10 प्रतिशत की छूट सहित दो प्रतियों में प्रेषित करने का कष्ट करें:–

1– सम्पादक, पायनियर को राष्ट्रीय संस्करण (दिल्ली,एन0सी0आर0संस्करण) में दिनांक–05–02–2021 के अंक में प्रकाशनार्थ। जिसकी दरें रू0 1600/Sqcm होगी।

2– सम्पादक, शाह टायम्स नैनीताल को उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक.–06–02–2021 के अंक में प्रकाशनार्थ उक्त हेतु दरें रू0 500/ Sqcm होगी।

कुलसचिव

प्रतिलिपि:– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. परीक्षा नियंत्रक कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
3. निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित ।

कुलसचिव

# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL-2021-22

Sl.No.------------ Dated :-----------

**TENDER DOCUMENT (Supply of Answer Book)**
**LAST DATE OF SUBMISSION : 22-02-2021 (2:00 PM)**

| | | |
|---|---|---|
| Date of Issue | : | .................................... |
| Number of pages | : | .................................... |
| Cost of the Tender form | : | 5,000.00 (Five Thousand only) |

Name & Address of the Firm : ..............................................................
..............................................................
..............................................................

Dated Signatures of the Vendor/Party
(Signature of the authorized representative)

N.B : Please go through the terms and conditions thoroughly before you offer your rates.

Rates (in figures & words) must be quoted in the prescribed column(s) against each items as per the list enclosed with the Tender form and be attached in original, failing which the tender may be liable for rejection.

**List of contents:-**

1- Notice for inviting Tender
2- Terms & Conditions of the Tender
3- Technical Bid Performa
4- Financial Bid Performa

Registrar
Kumaun University, Nainital

# तकनीकी बिड

## विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं हेतु उत्तर–पुस्तिका मुद्रण कार्य

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को उत्तर–पुस्तिकाओं की आपूर्ति हेतु

1. निविदादाता का नाम ........................................................................................................
2. मुद्रक फर्म का नाम व पूरा पता ........................................................................................

   ........................................................................................................
3. उत्तर पुस्तिका मुद्रण में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव ........................................................
   (उत्तर पुस्तिका मुदण के अनुभव का वर्षवार कार्यादेश की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
4. विगत 02 वर्षो का टर्न–ओवर (न्यूतम 1.00 करोड प्रतिवर्ष ) ........................................................
   (चार्टड एकाउन्टेंन्ट द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें)
5. मशीनों का विवरण साइज, प्रकार, माडल, क्रय तिथि ........................................................
   (परिस्थितिनुसार मशीनों का निरीक्षण विश्वविद्यालय द्वारा किया जा सकता है)
6. कार्यरत मशीनों की मुद्रण क्षमता का विवरण ........................................................
   (सक्षम संस्था/विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय).
7. विगत 02 वर्ष के आयकर भुगतान का विवरण........................................................
   (आयकर रिटर्न संलग्न किया जाय)
8. स्थाई आयकर खाता संख्या (Permanent Account Number) ........................................
9. वाणिज्य कर GSTN का पंजीकरण संख्या ........................................................
   (केन्द्रीय बिक्रीकर/व्यापार कर/वैट GSTN पंजीकरण संख्या (वैध व्यापार कर/वैट भुगतान का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाय)
10. निम्नलिखित बिन्दुओं के लिए नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र सलग्न करना अनिवार्य है –
    क– किसी भी सरकारी विभाग से किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं है।
    ख– फर्म को किसी भी राज्य/विश्वविद्यालय द्वारा विगत दो वर्षो में न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि जब्त की गयी है।
11. जमानत धनराशि का विवरण –
    डिमाण्ड ड्राफ्ट/सं0–/बैक का नाम........................................................दिनांक ......................
    रू0 अंकों में ................................................ शब्दों में ........................................................
12. उत्तर पुस्तिकाओं में प्रयुक्त होने वाले 45.5 × 56 सेमी0 साईज के 70 जी0एस0एम0 सेन्चुरी मिल/सी0पी0एम0(कम्पनी का लोगो/नाम) का वाटर मार्क मैफलिथो कागज का नमूना। (02–02 प्रतियों में फुल साइज का सलग्न करना अनविार्य है)
13. स्वयं की इकाई में मुद्रित उत्तर पुस्तिकाओं की 02 प्रतियाँ संलग्न करें।
14. तकनीकी बिड के संलग्नकों की संख्या........................................................

हस्ताक्षर निविदाकर्ता ........................................ हस्ताक्षर कर्ता का नाम ........................................

फर्म का पूर्ण पता (मुहर सहित) ........................ दिनांक ........................................................

दूरभाष नं0 ........................................................ मोबाइल नं0 ........................................................

ई–मेल ........................................................

## वित्तीय बिड

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाओं हेतु समस्त प्रकार की उत्तर–पुस्तिका मुद्रण आपूर्ति हेतु दरें निम्नवत् भरें ।

| क0सं0 | विवरण | दर प्रति हजार मुद्रण/कागज सहित | वाणिज्य कर GST की स्थिति सहित (यदि लागू हो तो) |
|---|---|---|---|
| 1. | "अ" उत्तर पुस्तिकायें 32 पेज (कवर पेज सहित) 70 जी0एस0एम0 पेपर कम्पनी के नाम का वाटर मार्क एवं लोगो सहित मैफलिथो कागज में | | |
| 2. | "ब" उत्तर पुस्तिकायें 08 पेज (कवर पेज सहित) 70 जी0एस0एम0 पेपर कम्पनी के नाम का वाटर मार्क एवं लोगो सहित मैफलिथो कागज में | | |
| 3. | "प्रयोगात्मक" उत्तर पुस्तिकायें 16 पेज (कवर पेज सहित) 70 जी0एस0एम0 पेपर कम्पनी के नाम का वाटर मार्क एवं लोगो सहित मैफलिथो कागज में | | |
| 4. | दिव्यांग छात्रों के लिए उत्तर–पुस्तिकाओं की दरें 32 पेज,16 पेज,08 पेज (कवर पेज सहित) 70 जी0एस0एम0 पेपर कम्पनी के नाम का वाटर मार्क एवं लोगो सहित मैफलिथो कागज में | | |

**नोट–**

उत्तर पुस्तिका के मुद्रण में कम्पनी का लोगो/नाम का वाटर मार्क मैफलिथो कागज (45.5X 56 सेमी0) प्रयुक्त करना होगा तथा तैयार की गई उत्तर पुस्तिकाओं में 'कुमाऊँ विश्वविद्यालय' परफोरेड करना होगा।

**(क)** प्रत्येक पेज पर दायें तथा बायें किनारे पर विश्वविद्यालय का मोनोग्राम मुद्रित होगा तथा मुख्य पृष्ठ को छोड़कर सूती धागे से केन्द्र में मशीन से सिलाई की जानी होगी तब मुख्य पृष्ठ पेस्ट होगा।

**(ख)** प्रत्येक पृष्ठ में 20 लाईनें मुद्रित होंगी। "अ" उत्तरपुस्किाओं में 1 से 32 पेज नम्बरिंग तथा "ब" उत्तरपुस्किाओं में 1 से 08 पेज नम्बरिंग, "प्रयोगात्मक" उत्तरपुस्किाओं में 1 से 16 पेज नम्बरिंग की जानी होगी। विश्वविद्यालय की उत्तर–पुस्तिकाओं की लम्बाई 27.5 सेमी0 चौडाई 22.2 सेमी0 साइज की बनाई जानी होगी।

**(ग)** कवर पेज विश्वविद्यालय के आदेशानुसार मुद्रित होगा।

**(घ)** बाँयी ओर एक पंच किया जायेगा।

**(ड़)** प्रत्येक उत्तर–पुस्तिका में नम्बरिंग भी की जानी होगी।

हस्ताक्षर निविदाकर्ता ............................ हस्ताक्षर कर्ता का नाम ........................................
फर्म का पूर्ण पता (मुहर सहित) ....................... दिनांक ............................................................ दूरभाष नं0 ............................................................ मोबाइल नं0 ....................................................... ई–मेल ..................... ...............................

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के परीक्षाओं हेतु समस्त प्रकार की उत्तरपुस्तिका मुद्रण निविदा से सम्बन्धित शर्तें

1– सील बन्द निविदायें **कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल** के पदनाम से दिनांक **दिनांक–05–02–2021 से 22–02–2021 के दोपहर 2:00 बजे तक** पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से स्वीकार की जायेंगी। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त पहुँचने वाली निविदायें स्वीकार्य नहीं होगीं। प्राप्त निविदायें उसी दिनांक /अगले दिन को सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विश्वविद्यालय की अधिकृत समिति के द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की बैबसाइड **kunainital.ac.in** से डाउनलोड किये जा सकते है

2– यदि अपरिहार्य कारणों से निविदा खोलने की तिथि में परिवर्तन होगा तो निविदादाताओं को सूचित कर दिया जायेगा। जिस पर विश्वविद्यालय का निर्णय अन्तिम होगा।

3– सशर्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।

4– निविदा के बाहर **"उत्तर पुस्तिकाओं की आपूर्ति हेतु निविदा"** स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये तथा निविदाकर्ता अपना **फोन/मोबाईल नम्बर** लिफाफे के बाहर अंकित करें।

5– उत्तर पुस्तिका के मुद्रण में कम्पनी का लोगो/नाम का वाटर मार्क मैफलिथो पेपर 70 GSM का कागज ए ग्रेड मिल (45.5X56 सेमी0) का (जेके, बलारपुर,सेंचुरी,एच0पी0सी0,टी.एन.पी.एल) प्रयुक्त करना होगा जिसका नमूना निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

6– सफल निविदादाताओं द्वारा उत्तर–पुस्तिका के कुल मूल्य की कीमत की 10 प्रतिशत कार्यपूर्ति (सम्पादन) जमानत राशि विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी। यह धनराशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में **वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल** के पदनाम से देय होगी।

7– निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिका का मुद्रण/आपूर्ति सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से अर्ह निविदादाताओं को उनकी क्षमता के अनुरूप ही उत्तर पुस्तिकाऐं आवंटित की जायेंगी। क्षमता का आंकलन तकनीकी बिड एवं आवश्यक समझे जाने पर उत्तर–पुस्तिका समिति के द्वारा मुद्रण इकाई के भौतिक सत्यापन के आधार पर किया जायेगा। निविदादाताओं की क्षमता का आंकलन करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही **विश्वविद्यालय के द्वारा निर्धारित न्यूनतम दर कुल योग (L-1) के आधार पर उत्तर–पुस्तिकाओं के मुद्रण हेतु कार्यादेश किया जायेगा।** इस प्रकार विश्वविद्यालय का निर्णय सभी निविदादाताओं को मान्य होगा। जिस पर निविदादाताओं का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

8– उत्तर–पुस्तिका के मुद्रण में 70 जी0एस0एम0 पेपर कम्पनी के नाम का वाटर मार्क एवं लोगो सहित मैफलिथो कागज प्रयुक्त करना होगा। नमूना संलग्न करना अनिवार्य है।

9– न्यूनतम दर में एक से अधिक फर्में आने पर कार्य का आवंटन करने के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्णय लिया जायेगा, जो निविदादाताओं को मान्य होगा।

10– उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश सं0 3396/VII-II 9080/143 उद्योग/2003, दिनांक 30 जून, 2009 के निर्देशों के अनुसार प्रदेश की सूक्ष्म एवं लघु (कुटीर एवं खादी सहित) विनिर्माणक उद्यमों (Manufacturing Enterprises) को शासकीय क्रय में नियमानुसार मूल्य/क्रय वरीयता प्रदान की जायेगी। फर्म का उद्योग विभाग में पंजीकृत होने का प्रमाण–पत्र तकनीकी बिड के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा (मूल प्रमाण पत्र निविदा खुलते समय समिति को दिखाना आवश्यक होगा) अन्यथा की स्थिति में निविदा पर इस शासनादेश का लाभ देय नहीं होगा।

11– निविदा आवेदन पत्र शुल्क रू0 5,000/ (पांच हजार) निर्धारित है। निविदा आवेदन पत्र शुल्क **वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल,** के पदनाम से बैंक डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में नैनीताल स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से देय हो, अथवा विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर की रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

12– विश्वविद्यालय की "अ" उत्तर–पुस्तिका लगभग 14 लाख "ब" उत्तर–पुस्तिका लगभग 2 लाख तथा "प्रयोगात्मक" उत्तर–पुस्तिकाओं लगभग 1.5 लाख मुद्रित की जानी होगी उक्त उत्तर–पुस्तिकाओं की सख्या कार्यादेश के समय घट–बढ भी सकती है। जिस पर निविदादाता का कोई भी दावा मान्य नही होगा।

13– धरोहर राशि (EMD) – निविदादाताओं द्वारा अर्नेस्टमनी की धनराशि रू0 2,00,000 (दो लाख) **<u>वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल</u>** के पक्ष में किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से, बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक/एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी जो नैनीताल में देय हो, के रूप में निविदा के साथ जमा करनी होगी। धरोहर राशि निविदा की तिथि से कम से कम 03 (तीन) माह के लिये वैध होनी चाहिए। सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि विश्वविद्यालय में जमा रहेगी, एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक करार निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। धरोहर राशि के पृष्ठ भाग में फर्म का नाम अंकित कर हस्ताक्षर करने होंगे।

14– जिस निविदादाता की तकनीकी बिड "उत्तर–पुस्तिका समिति" द्वारा अर्ह मानी जायेगी, उसी निविदादाता की "वित्तीय बिड"(BOQ) खोली जायेगी।

15– तकनीकी बिड अर्ह/सफल घोषित करने के बाद उत्तर–पुस्तिका समिति द्वारा वित्तीय बिड उसी दिन/अथवा उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी।

16– किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

17– **<u>अनुभव</u>** – निविदादाता को कम से कम 03 (तीन) वर्षों का किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय की उत्तर–पुस्तिका के मुद्रण का अनुभव होना चाहिए। उत्तर–पुस्तिका के मुद्रण अनुभव के लिये सम्बन्धित संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। प्रमाण–पत्र में मुद्रण वर्ष एवं मात्रा का उल्लेख होना आवश्यक होगा। उत्तर–पुस्तिका मुद्रण कार्यादेश की छाया प्रति भी सलग्न करनी अनिवार्य होगी।

18– **<u>टर्न ओवर</u>** – मुद्रण उद्योग में विगत दो वर्षों का टर्न ओवर न्यूनतम 01.00 करोड़ प्रतिवर्ष होना चाहिए। जो रजिस्टर्ड चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित होना चाहिए।

19– **<u>कार्यरत् मशीनों की क्षमता</u>** – कार्यरत् मशीनों में से प्रत्येक मशीन की क्षमता का सक्षम संस्था/विभाग द्वारा जारी प्रमाण–पत्र जिससे निविदादाता की मुद्रण क्षमता का आंकलन किया जा सके। संलग्न करना अनिवार्य होगा।

20– **<u>आयकर रिटर्न</u>** – विगत दो वर्ष के आयकर रिटर्न के मूल प्रमाण–पत्र की पठनीय सत्यापित फोटोप्रति।

21– अस्थायी आयकर खाता संख्या (Permanent Account Number)।

22– वाणिज्य कार्यालय में जी0एस0टी0 के भुगतान का प्रमाण पत्र तथा पंजीकरण संख्या।

23– **<u>शपथ पत्र</u>** – निम्नलिखित बिन्दुओं के लिये नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र संलग्न करें, जिसमें स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया गया हो कि समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक है, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

**क–** किसी भी सरकारी विभाग/राज्य सरकार में किसी भी प्रकार का विधिक विवाद नहीं है।

**ख–** फर्म को विगत 05 वर्षो में किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त किया गया है।

ग– स्वंय की ईकाई में मुद्रित उत्तर–पुस्तिकाओं की 02 प्रतियॉ सलग्न करना अनिवार्य है।

24– सफल निविदादाताओं द्वारा यदि अनुबन्ध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी अर्नेस्टमनी/सिक्योरिटी मनी जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

25– सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे कुलपति जी के निर्णयार्थ (Arbitration) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

26– सम्बन्धित कार्य के सम्बन्ध में किसी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र मुख्यालय नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

27– चयनित निविदादाता द्वारा अनुबन्ध के लिये रू0 100/–(रू0 एक सौ मात्र) का नॉन–ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर (जो टिकट के रूप में नहीं होगा) उपलब्ध करना होगा।

28– फर्म का कारखाना अधिनियम में पंजीकरण होना चाहिए।

29– विगत 03 वर्षों में 50/–लाख रूपये का किसी भी सरकारी संस्था /विश्वविद्यालय में उत्तर–पुस्तिका मुद्रण में एकल आदेश होना चाहिए।

30– फर्म/फर्म के मालिक का चरित्र प्रमाण–पत्र तथा हैसियत प्रमाण–पत्र जिलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो, संलग्न करना अनिवार्य है

31– **सम्पूर्ण निविदा कुल योग L-1 के आधार पर की जायेगी।**

32– कागज की गुणवत्ता के बारे में विश्वविद्यालय को यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय द्वारा मुद्रण के दौरान/बाद में मुद्रित एवं बिना मुद्रित कागज के नमूने एकत्रित कर किसी रासायनिक प्रयोगशाला में जॉंच करायी जा सकती है।

33– **दण्डात्मक प्रावधान** – विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिका की गुणवत्ता में कमी अथवा मुद्रण/आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में फर्म के विरूद्ध निम्नवत् दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी–

(क) **विलम्ब दण्ड** –

उत्तरपुस्तिका आपूर्ति में विलम्ब की स्थिति में निम्नवत् कटौती की जायेगी –

- 01 से 10 दिन विलम्ब से आपूर्तित उत्तर–पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 2 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 11 से 20 दिन विलम्ब से आपूर्तित उत्तर–पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 5 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 21 से 30 दिन विलम्ब से आपूर्तित उत्तर–पुस्तिका के कुल मुद्रण मूल्य का 10 प्रतिशत कटौती एवं कार्यपूर्ति जमानत राशि जब्त की जायेगी।
- 30 दिन से अधिक विलम्ब की स्थिति में कुल मुद्रण मूल्य के 10 प्रतिशत के अतिरिक्त मुद्रक की कार्यपूर्ति जमानत धनराशि जब्त कर उसे काली सूची में दर्ज किया जायेगा।

(ख) **खराब मुद्रण, कम माप, कम गुणवत्ता** –

- उत्तर–पुस्तिका के सत्यापन में मानक के अनुरूप मुद्रण न पाये जाने अथवा खराब मुद्रण की दशा में सम्बन्धित उत्तर–पुस्तिका के कुल मूल्य से अधिकतम 15 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।

- उत्तर–पुस्तिका निर्धारित माप के अनुरूप सही नहीं पाये जाने पर उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल मूल्य में से 10 प्रतिशत के बराबर कटौती की जायेगी।
- उत्तर पुस्तिका की जाँच में गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो उत्तर–पुस्तिका के कुल बिल में से 20 प्रतिशत तक की कटौती की जायेगी।

34– उक्त उत्तर–पुस्तिकाओं की आपूर्ति कु0वि0वि0 नैनीताल के स्टोर अनुभाग/भण्डार में की जानी होगी जिसके लिए कोई भी कुली–भाडा देय नहीं होगा।

35– उक्त निविदा वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मान्य होगी।

36– "अ" उत्तर–पुस्तिकाओं में 1 से 32 पेज नम्बरिंग की जानी होगी।

37– "ब" उत्तर–पुस्तिकाओं में 1 से 08 पेज नम्बरिंग की जानी होगी।

38– "प्रयोगात्मक" उत्तर–पुस्तिकाओं में 1 से 16 पेज नम्बरिंग की जानी होगी।

39– विश्वविद्यालय की उत्तर–पुस्तिकाओं की लम्बाई 27.5 सेमी0 चौडाई 22.2 सेमी0 साइज की बनाई जानी होगी।

40– **दिव्यांग छात्रों के लिए उत्तर–पुस्तिकाओं के पृथम पृष्ठ के ऊपर विशेष पहचान या कोड की व्यवस्था करनी आवश्यक होगी जिसे उत्तर–पुस्तिका में दर्शाया जाना आवश्यक होगा। आवश्यकता पडने पर ही उत्तर–पुस्तिका आदेश पृथक से प्रदान किया जायेगा। जिस हेतु निविदा दाता को पृथक से दरें प्रेषित करनी होगी।**

परीक्षा नियंत्रक

कुलसचिव